Live Hindustan

4000 Urdu teacher recruitment has started in Uttar Pradesh

चुनावी वेला में उर्दू में डिग्री रखने वालों को शिक्षक बनने का एक मौका और मिलेगा। मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने 4000 उर्दू शिक्षक भर्ती करने की घोषणा की है।

राजधानी के मुमताज डिग्री कॉलेज में रविवार को हुए शिक्षक सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री ने यह ऐलान किया। उन्होंने कहा कि उर्दू शिक्षकों को सपा सरकार ने बहुत मौके दिए हैं। इससे पहले भी सरकार भर्ती कर चुकी है। सरकारी प्राइमरी स्कूलों में राज्य सरकार इससे पहले भी लगभग 8 हजार शिक्षक भर्ती कर चुकी है।

यह तीसरी बार होगा जब सरकार भर्ती शुरू करेगी। इससे पहले 2013 में सरकार ने सरकारी प्राइमरी स्कूलों में भाषा शिक्षकों के कोटे में उर्दू के 4280 सहायक अध्यापक के पदों पर भर्ती शुरू की थी। उस समय 1939 पद खाली रह गए थे। वहीं जनवरी, 2016 में भी 3500 उर्दू शिक्षकों के पद पर भर्ती की। इसके बाद मई-जून में 4280 पदों में से बचे हुए 1939 पदों पर काउंसिलिंग कर सारे पद भरने की प्रक्रिया शुरू की गई।

इन सारी भर्तियों में उर्दू शिक्षकों को मौका देने के लिए रियायतें दी गईं। इनमें 11 अगस्त, 1997 तक के मोअल्लिम-ए-उर्दू उपाधिधारकों को मौका दिया गया। लिहाजा उम्र में भी काफी रियायत दी गई। अधिकतम आयु सीमा 62 वर्ष से कम तय की गई। इसके अलावा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय से डिप्लोमा इन टीचिंग पास अभ्यर्थियों और दो वर्ष का बीटीसी कोर्स करने वाले अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु सीमा 50 वर्ष रखी गई।